# 9 दिन बाद फिर चली प्रशासन की जेसीबी, मथुरी में सरकारी जमीन पर गोदामों के लिए बनाई दीवारें तोड़ीं

## 1.69 करोड़ रुपए की 0.700 हेक्टेयर सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

9 दिन बाद जिला प्रशासन की जेसीबी फिर चली। इस बार कार्रवाई मथुरी की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर हुई। यहां 0.700 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर गोदाम के लिए लोगों ने दीवारें बना ली थीं। इस पर 39 ढांचों को जेसीबी से तोड़ा। अतिक्रमण मुक्त कराई सरकारी जमीन की कीमत 1.69 करोड़ रुपए है। गांव की सरकारी जमीन पर निर्माण 7 साल पहले किया था। इस पर शिकायत जिला प्रशासन को मिली थी। अब प्रशासन ने मुहिम के तहत सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। इसके पहले 9 दिन पूर्व सागोद रोड स्थित सुकून कॉटेज पर प्रशासन की जेसीबी चली थी। यहां गोदाम निर्माण की अनुमति लेकर आलीशान कॉटेज बना लिया था। इस पर प्रशासन ने आवासीय उपयोग तोड़ा था।



मथुरी की सरकारी जमीन पर गोदामों के लिए बनाई दीवारों को तोड़ती जेसीबी।

**5 घंटे का समय लगा अतिक्रमण को हटाने में**

जिला, पुलिस प्रशासन का अमला दोपहर 2.30 बजे पहुंचा और जेसीबी से तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई शाम 7.30 बजे तक चली। एसडीएम राजेश शुक्ला ने बताया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। अतिक्रमणकर्ताओं को हटाकर भूमि मुक्त कराई जा रही है। रतलाम ग्रामीण के ग्राम मथुरी में कार्रवाई करते हुए 1.69 करोड़ रुपए की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई। इस मौके पर तहसीलदार गोपाल सोनी भी मौजूद थे।

भास्कर

दै. भास्कर 5/2/22

# सेंट्रल लाइटिंग से रोशन हुआ बाजना बस स्टैंड फोरलेन

**रतलाम।** वसंत पंचमी पर रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या शहरवासियों को गौरवमय एहसास कराने वाली रही। विधायक चेतन्य काश्यप ने बाजना बस स्टैंड चौराहा पर स्थापना दिवस के गौरव की अभिव्यक्ति के लिए की गई आतिशबाजी के साथ फोरलेन पर लगाई गई सेंट्रल लाइटिंग का शुभारंभ किया। इससे बाजना बस स्टैंड चौराहा से श्री रणजीत हनुमान मंदिर तक फोरलेन रोशन हो गया।

काश्यप ने कहा कि नगर को गौरवपूर्ण वातावरण देने वाला दिवस हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण होता है। रतलाम में नगर निगम ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी करने के साथ-साथ हर्षोल्लास से यह दिन मनाने का प्रस्ताव पास किया है और इस प्रस्ताव को अब पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। यह नगर के लिए गौरव की बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, करणधीर्य बड़गोत्या, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, मुन्नालाल शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डा. राजेश शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया उपस्थित रहे। संचालन मंगल लोढ़ा ने किया। आभार दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने माना।



रतलाम मे सेंट्रल लाइटिंग के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया



सेंट्रल लाइटिंग से रोशन हुआ बाजना बस स्टैंड फोरलेन। ● नईदुनिया

नईदुनिया / 5/2/22

कार्रवाई

# डेढ़ करोड़ की शासकीय भूमि से हटाया अवैध कब्जा



## कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम मथुरी में हुई कार्रवाई

रतलाम. शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को फिर से प्रशासन ने मुहिम छेड़ दी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में टीम दोपहर में ग्राम मथुरी में पहुंची और यहां शासकीय भूमि पर बनाए गए अवैध कब्जे को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। प्रशासनिक मौके से अतिक्रमणकर्ताओं को हटाकर भूमि मुक्त कराए जाने की कार्रवाई बीते कई दिनों से जारी है।

प्रशासन की टीम ने रतलाम ग्रामीण के ग्राम मथुरी में कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 69 लाख रुपए की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई। टीम ने यह कार्रवाई एसडीएम राजेश शुक्ला के नेतृत्व में की। इस दौरान 39 संरचनाएं हटाई गई। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का रकबा 0.700 हेक्टेयर है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गोपाल सोनी भी मौजूद थे।

भास्कर

# मथुरी में शासकीय भूमि पर से हटाए 39 अवैध निर्माण



मथुरी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाती हुई जेसीबी। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। रतलाम ग्रामीण के ग्राम मथुरी में शुक्रवार को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। यहां अवैध पट्टे काटकर कब्जा दिए जाने के बाद निर्माण कर लिया गया था। शिकायत व जांच के बाद शुक्रवार दोपहर में प्रशासन के अमले ने जेसीबी की सहायता से 39 निर्माण तोड़ कर जमीन मुक्त कराई।

अतिक्रमण मुक्त कराई भूमि में सर्वे क्रमांक 112 की 0.600 व 32/1, 32/4 की कुल 0.700 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इसकी कीमत एक करोड़ 69 लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम राजेश शुक्ला, तहसीलदार गोपाल सोनी सहित नायब तहसीलदार मनोज चौहान, पूजा भाटी, आरआइ तरुण रघुवंशी, मेहरबान सिंह, शहर पटवारी रमेश बैरागी अन्य अमला मौजूद रहा।

**आज सनावदा में होगी कार्रवाई**

राजस्व विभाग के अमले द्वारा शनिवार को सनावदा ग्राम में सर्वे क्रमांक 23 व 24 की करीब 4.900 हे. शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नई.

नईदुनिया 6/12/22

# कोरोना : 48 नए पाजिटिव केस, 120 मरीज स्वस्थ हुए

रतलाम। जिले में लगातार कोरोना के नए पाजिटिव केस की संख्या घटकर अर्द्धशतक के अंदर आ गई है। नए मरीजों की तुलना में स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को 48 पाजिटिव केस सामने आए। इससे एक्टिव केस की संख्या लगातार घटती जा रही है। इससे सभी राहत महसूस कर रहे हैं।

कोरोना की तीसरी लहर का असर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। शुक्रवार को 48 नए पाजिटिव केस सामने आने के साथ 120 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 653 रह गई है। जिले में अब तक 20426 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 19459 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 314 है। शासकीय मेडिकल कालेज की लैब से 1076 सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है। नई.

### जिले में संक्रमित मरीजों की स्थिति

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 04 फरवरी | 048 |
| 03 फरवरी | 047 |
| 02 फरवरी | 102 |
| 01 फरवरी | 103 |

नईदुनिया 5/2/22

# कन्सलटेंट 28 फरवरी तक 100 प्रतिशत कम्पाउडिंग प्रकरण पूर्ण करें

## निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**रतलाम ●** नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देश अनुसार कम्पाउडिंग (प्रशमन) किए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम इंजीनियर व नगर निगम से लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक लेकर 28 फरवरी तक 100 प्रतिशत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए।

श्री झारिया ने उपस्थित कन्सलटेंटों से अब तक कितने कम्पाउडिंग (प्रशमन) तैयार किए गए है की जानकारी लेकर 10 फरवरी तक 100 व 28 फरवरी तक 100 प्रतिशत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए साथ ही ऐसे कन्सलटेंट जिन्होंने अभी तक कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार नहीं किए है उनके लायसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।



प्रशासन द्वारा जिले में चलाई जा रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम आज रतलाम जनपद के मथुरी ग्राम तक पहुंच गई है। बड़ी संख्या में ग्राम में अतिक्रमण हटाए जा रहे है।

निगम आयुक्त ने कन्सलटेंटों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का सर्वे कर कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार करें व इंजीनियर से संबंधित को सूचना-पत्र जारी करवाए साथ ही संबंधित को यह भी अवगत करायें कि 30 प्रतिशत अनुमति के विपरित व बिना अनुमति के अवैध निर्माण का कम्पाउडिंग (प्रशमन) शासन निर्देशानुसार किया जा रहा है साथ ही 28 फरवरी तक लगने वाले शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसका लाभ उठाकर सुरक्षित रहें। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल सहित लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट उपस्थित थे।

## निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

नगर पालिक निगम रतलाम की पूर्व न्यास की योजनाओं में उपलब्ध रिक्त व अतिरिक्त भूमियों का सर्वे एवं विस्तृत मानचित्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा व सर्वे उपरांत अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्रवाई की जाएगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाएं बनाई गई थी। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है इस हेतु नियुक्त कन्सलटेंट को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है। सर्वे उपरान्त रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों का विक्रय अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किए जाने की कार्रवाई की जाएग

स्वदेश

स्वदेश 5/2/22

# नगर निगम के विभिन्न करों से 6.63 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास षाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 4 फरवरी शुक्रवार को कुल राशि रूपये 6,63,134/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 04 फरवरी शुक्रवार को संपत्तिकर शिविर से 256070, कार्यालय 192052, वसूली दल 15493 कुल 463615, जलकर शिविर 41435, वसूली कार्यालय 112995 कुल 154430, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 17458 व वसूली दल 27634 कुल 45092 इस तरह कुल राषि रूपये 6,63,137/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। प्रसारण

प्रसारण 5/2/22

**उत्सव** • बाजना बस स्टैंड चौराहा से श्री रणजीत हनुमान मंदिर तक फोरलेन हुआ रोशन, आज मनाया जाएगा गौरव दिवस

# रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जगमगाया आकाश, शहर में 6 स्थानों पर की गई आतिशबाजी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वसंत पंचमी रतलाम स्थापना की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम को शहर का आकाश जगमगा उठा। नगर निगम द्वारा 6 चौराहों पर आतिशबाजी की गई। शनिवार को रतलाम का गौरव दिवस मनाया जाएगा।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बाजना बस स्टैंड चौराहा पर स्थापना दिवस के गौरव की अभिव्यक्ति हेतु की आतिशबाजी के साथ फोरलेन पर लगाई सेंट्रल लाइटिंग का शुभारंभ किया। इससे बाजना बस स्टैंड चौराहा से श्री रणजीत हनुमान मंदिर तक फोरलेन रोशन हो गया। शहर विधायक ने कहा कि नगर निगम ने रतलाम स्थापना दिवस को गौरवमयी ढंग से मनाने का जो प्रस्ताव पास किया है, वह पूरे मध्यप्रदेश में सर्वमान्य हुआ है। इस आधार पर प्रदेश में सभी नगर निगम नगर के गौरवपूर्ण दिवस को मनाएंगे। निगम ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी करने के साथ-साथ हर्षोल्लास से यह दिन मनाने का प्रस्ताव पास किया है और इस प्रस्ताव को अब पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। यह नगर के लिए गौरव की बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, नीलेश गांधी, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, मुन्नालाल शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, प्रवीण सोनी, भाजपा दीनदयाल मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह भाटी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ [illegible] उपस्थित रहे। संचालन [illegible] लोढ़ा ने किया।

## बाजना बस स्टैंड पर सेंट्रल लाइटिंग का शुभारंभ



सेंट्रल लाइटिंग का शुभारंभ करते शहर विधायक।

**इन स्थानों पर की आतिशबाजी -** बाजना बस स्टैंड, डालूमोदी बाजार, शहर सराय, पैलेस रोड, घास बाजार, अलकापुरी, दो बत्ती, रत्नेश्वर रोड चौराहा पर आतिशबाजी की गई।

**मां सरस्वती की महाआरती होगी-**
**रतलाम** | सिविक सेंटर स्थित प्राचीन काशीविश्वनाथ मंदिर में मां सरस्वती का मंदिर है। बसंत पंचमी पर्व को लेकर मंदिर में शनिवार सुबह 11 बजे मां सरस्वती की महाआरती की जाएगी।

## पीले वस्त्र धारण कर मनाई बसंत पंचमी



**रतलाम** | अरविंदो मार्ग स्थित श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी में बसंत पंचमी उत्साह के साथ मनाई। शिक्षिकाओं ने पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा-अर्चना की। शिक्षिकाओं ने हे शारदे मां... हे शारदे मां... अज्ञानता से हमें तार दे मां... सहित विभिन्न प्रार्थना प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. रेखा शास्त्री, हेडमिस्ट्रेस सुनीता तोमर, शेरिन सोलोमन सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## स्थापना से आज तक की प्रदर्शनी का आज किया जाएगा शुभारंभ

**रतलाम** | नगर निगम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर निगम तिराहे पर माल्यार्पण होगा। सुबह 10 बजे से होने वाला यह कार्यक्रम शहर विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में होगा। स्थापना से आज तक प्रदर्शनी का शुभारंभ होगा। तिराहे पर स्थापित रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, आतिशबाजी कर मिठाई बांटी जाएगी। रतलाम नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में शाम 6.30 बजे गुलाब चक्कर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

**राजपूत संगठनों के प्रतिनिधि करेंगे माल्यार्पण-** शहर के सभी राजपूत संगठनों के प्रतिनिधि राजपूत धर्मशाला हाथीखाना पर एकत्रित होंगे। सभी नगर निगम तिराहा पहुंचकर दोपहर 12 बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

भास्कर

दै. भास्कर 5/2/22

## निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

रतलाम। नगर पालिक निगम रतलाम की पूर्व न्यास की योजनाओं में उपलब्ध रिक्त व अतिरिक्त भूमियों का सर्वे एवं विस्तृत मानचित्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा व सर्वे उपरांत अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाऐं बनाई गई थी। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है इस हेतु नियुक्त कनसलटेंट को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है। सर्वे उपरान्त रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डो का विक्रय अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## पशु वाहन के 5 कर्मचारियों 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर में स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों पकड़ने हेतु गठित दल के 5 कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मवेशी नहीं पकड़ने, शहर में स्वच्छंद रूप से मवेशी विचरण करते पाये जाने व प्रतिदिन पकड़े गये मवेशियों की जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दल के कर्मचारी चरणसिंह-भरतसिंह, अय्युब-यासिन, भेरु-गणपत, राधेश्याम बाबुलाल का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## नगर निगम के विभिन्न करों से 11.88 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 2 फरवरी बुधवार को कुल राशि रूपये 11,88,194/- का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 3 फरवरी गुरूवार को संपत्तिकर शिविर से 117470, कार्यालय 169599, वसूली दल 89300 कुल 287069, जलकर शिविर 46340, वसूली कार्यालय 125025 कुल 171365, कम्पाउडिंग 434484, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 26675 व वसूली दल 13734 कुल 40409, बगैर मास्क वालो पर स्पॉट फाईन 1100, लायसेंस 1640, विकास षाखा लीजरेंट 7942, प्रीमियम 154888 इस तरह कुल राषि रूपये 11,88,194/- का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।

सिंधम - ५/२/२२

## 1.90 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया



रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को 1.90 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 32935, ट्रैक्टर-ट्राली से 4640, काम्पेक्टर सूखा कचरा 15005, काम्पेक्टर गीला कचरा 20825, डंपर मलबा 116645 कुल 91375 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## 9805 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार तक 9805 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## निगम के फ्रंटलाइन वर्करों को दी ट्रेनिंग

रतलाम। नगर निगम के फ्रंटलाइन वर्करों को डिजास्टर मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई। निगम कर्मचारियों ने अंबेडकर मांगलिक भवन पर ट्रेनिंग दी गई। इसमें कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार देना, आग, बाढ़ जैसी स्थिति में व्यक्ति को निकालना, जीवन रक्षक गुर आदि भी सिखाए गए।

# बसंत पंचमी-रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी

- सेन्ट्रल लाईटिंग से रोशन हुआ बाजना बस स्टेंड फोरलेन
- गौरव दिवस मनाने हेतु राज्य में सर्वमान्य हुआ रतलाम नगर निगम का प्रस्ताव : विधायक





रतलाम। अरविंदो मार्ग स्थित श्री गुरु तेग बहादुर एकेडमी में बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ रेखा शास्त्री ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। शिक्षिकाओं ने हे शारदे मां हे शारदे मां अज्ञानता से हमें तार दे मां... सहित विभिन्न प्रार्थना प्रस्तुत की हेडमिस्ट्रेस सुनीता तोमर, शेरिन् सोलोमन व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

प्रसारण न्यूज • रतलाम

बसंत पंचमी पर रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या शहरवासियों को गौरवमयी एहसास कराने वाली रही। विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने बाजना बस स्टैण्ड चौराहा पर स्थापना दिवस के गौरव की अभिव्यक्ति हेतु की गई आतिशबाजी के साथ फोरलेन पर लगाई गई सेन्ट्रल लाईटिंग का शुभारंभ किया। इससे बाजना बस स्टैण्ड चौराहा से रणजीत हनुमान मंदिर तक फोरलेन रोशन हो गया। काश्यप ने कहा कि नगर निगम ने रतलाम स्थापना दिवस को गौरवमयी ढंग से मनाने का जो प्रस्ताव पास किया है, वह पूरे मध्यप्रदेश में सर्वमान्य हुआ है। इसके आधार पर प्रदेश में सभी नगर निगम नगर के गौरवपूर्ण दिवस को मनाएंगे।

माननीय श्री काश्यप ने कहा कि नगर को गौरवपूर्ण वातावरण देने वाला दिवस हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण होता है। रतलाम में नगर निगम ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी करने के साथ-साथ हर्षोल्लास से यह दिन मनाने का प्रस्ताव पास किया है और इस प्रस्ताव को अब पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। यह नगर के लिए गौरव की बात है। माननीय श्री काश्यप ने आरंभ में सेन्ट्रल लाईटिंग का शुभारंभ किया। इसके बाद बाजना बस स्टैण्ड चौराहा पर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, निलेश गांधी, करणधीर्य बडगोत्या, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, मुन्नालाल शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. राजेश शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, प्रवीण सोनी, बंटी बोहरा, सुदीप पटेल, मण्डल महामंत्री कमल सिलावट, सुरेन्द्रसिंह भाटी एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने माना। प्रसारण

## नगर निगम द्वारा 6 स्थानों पर जोरदार आतिशबाजी

रतलाम नगर गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम ने 6 स्थानों पर आतिशबाजी का आयोजन किया। बाजना बस स्टैण्ड, डालू मोदी बाजार, शहर सराय, पैलेस रोड, घास बाजार, अलकापुरी, दो बत्ती, रत्नेश्वर रोड चौराहा पर आकर्षक आकाशीय आतिशबाजी की गई। इस मौके पर क्षेत्रवासी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

प्रसारण 5/2/22

### छह स्थानों पर की जोरदार आतिशबाजी

रतलाम स्थापना की पूर्व संध्या पर नगर निगम द्वारा छह स्थानों पर आतिशबाजी का आयोजन किया गया। बाजना बस स्टैंड, डालू मोदी बाजार, शहर सराय, पैलेस रोड, घास बाजार, अलकापुरी, दो बत्ती, रत्नेश्वर रोड चौराहा पर आकर्षक आतिशबाजी की गई। इस मौके पर क्षेत्रवासी व गणमान्यजन उपस्थित थे।

संतुलन बनाने में लड़खड़ा रहे वाहन, देरी से पहुंच रहे कार्यालय

# आंतरिक सड़कों ने बिगाड़ दिया शहर का नक्शा, हर जगह गड्ढे

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में कभी सीवर लाइन तो कभी पेयजल लाइन के कार्य ने आंतरिक सड़कों का नक्शा ही बिगाड़ दिया है। कभी समतल रही सड़कों पर पैबंद के कारण असमतल सरफेस बन गया है तो चैंबरों के कारण बीच सड़क पर ढलान से वाहन असंतुलित हो रहे हैं, फिर भी नगर निगम का तकनीकी अमला सड़कों को सुधरवाने आगे नहीं आया है। ऐसे में उखड़ी हुई सड़क पर धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर शहरवासी तय समय से देरी से अपने कारोबार से लेकर कामकाज के स्थल पर पहुच रहे हैं।

नगर निगम ने करीब तीन वर्ष पूर्व सीवरेज काम की शुरुआत की थी। दावा किया गया था शहर की सड़कों को सीवरेज कार्य के साथ - साथ सुधार किया जाएगा। हकीकत इसके विपरीत है। अब भी शहर में कई कॉलोनियों से लेकर मुख्य रोड जर्जर हो रहे हैं। इन सड़क को सुधारने के लिए नगर निगम ने अब तक कोई प्लान नहीं बनाया है। हालाकि दावा किया जा रहा है कि निगम ने अलग - अलग रोड पर निर्माण कार्य के टेंडर निकाले है व कुछ स्थान पर निर्माण हुआ है। पर हकीकत यह है कि शहर में 4 से 5 स्थान को छोड़कर अब तक कही भी उल्लेखनीय निर्माण शुरू नहीं हुआ है।

## ध्यान सिर्फ पटरी पार क्षेत्र में

शहर में नगर निगम का निर्माण के मामले में अधिकांश ध्यान पटरी पार क्षेत्र पर ही है। ऐसे में शहर के दीनदयाल नगर, टाटा नगर, मोचिपुरा, श्रीमाली वास, नजरबाग, जैन कॉलोनी, पैलेस रोड, थावरिया बाजार जैसे पुराने शहर के क्षेत्र में न तो निगम ध्यान दे रहा है नहीं जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। इससे अब रहवासियों का गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। पैलेस रोड से थावरिया बाजार तक क्षेत्र की जर्जर रोड के चलते तो वाहन की गति तो कम करना पड़ रहा है।

## टेंडर जारी किए है

शहर में अधिकांश खराब रोड के सुधार के लिए टेंडर जारी किए जा चुके है। कुछ क्षेत्र में निर्माण पूरा होने को है तो कुछ क्षेत्र में निर्माण शुरू जल्दी होगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

द. भास्कर 5/2/22

निगम आयुक्त ने की कामकाज की समीक्षा

# निगम ने कन्सलटेंट को दी 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत कम्पाउडिंग प्रकरण पूर्ण करने की समय सीमा

● रतलाम



नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देश अनुसार कम्पाउडिंग (प्रशमन) किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम इंजीनियर व नगर निगम से लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक लेकर 28 फरवरी तक 100 प्रतिषत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिये।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने उपस्थित कनसलटेंटो से अब तक कितने कम्पाउडिंग (प्रशमन) तैयार किये गये है की जानकारी लेकर 10 फरवरी तक 100 व 28 फरवरी तक 100 प्रतिषत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये साथ ही ऐसे कनसलटेंट जिन्होने अभी तक कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार नहीं किये है उनके लायसेंस निरस्त करने के निर्देश दिये। बैठक में निगम आयुक्त ने कनसलटेंटो को निर्देषित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का सर्वे कर कम्पाउडिंग (प्रषमन) प्रकरण तैयार करें व इंजीनियर से संबंधित को सूचना-पत्र जारी करवाये साथ ही संबंधित को यह भी अवगत करायें कि 30 प्रतिशत अनुमति के विपरित व बिना अनुमति के अवैध निर्माण का कम्पाउडिंग (प्रशमन) शासन निर्देशानुसार किया जा रहा है साथ ही 28 फरवरी तक लगने वाले शुल्क में 20 प्रतिषत की छूट दी जा रही है इसका लाभ उठाकर सुरक्षित रहें। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के.जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल सहित लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट उपस्थित थे।

अभिलाषा - ५

अभिलाषा - ५/२/२२

# निगम के फ्रंट लाइन कर्मचारियों ने लिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण



प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए नगर निगम के फ्रंट लाइन कर्मचारी। ● नईदुनिया

**रतलाम।** नगर निगम के फ्रंट लाइन कर्मचारियों को आपदा व महामारी प्रबंधन (डिजास्टर मैनेजमेंट) का प्रषिक्षण एसडीआरएफ मध्यप्रदेश की टीम द्वारा पोलोग्राउंड स्थित डा. आंबेडकर मांगलिक भवन परिसर में दिया गया।

प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर ज्योति बघेल व बद्रीलाल मंडलोई ने बताया कि आपदा ऐसी घटना है, जो कभी भी घट सकती है। आपदा दो प्रकार की होती है। पहली प्राकृतिक व दूसरी मानव जनित। उन्होंने कर्मचारियों को बाढ़, आगजनी, महामारी में किए जाने वाले आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सीवर चैंबर, बंद नालों, कुओं, बावड़ियों की सफाई के पहले उसमें माचिस की तीली जलाकर डाले यदि वह तुरंत बुझ जाती है तो यह समझ ले कि यहां पर आक्सीजन की कमी है व अन्य जहरीली गैसें हैं। इस कार्य को बिना सुरक्षा उपकरण के नहीं करें। उन्होंने घरेलू गैस सिलिंडर में आग लगने, गैस रिसाव के निपटान के तरीकों से भी अवगत कराया। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, जोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान सहित फ्रंट लाइन कर्मचारी उपस्थित थे।

नईदुनिया 5/2/22

# कन्सलटेंट 28 फरवरी तक 100 प्रतिशत कम्पाउडिंग प्रकरण पूर्ण करें

## निगम आयुक्त झारिया ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

सिंघम रिपोर्टर ▢ रतलाम

नगर में अनुमति के विपरीत, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों हेतु शासन के नवीन निर्देश अनुसार कम्पाउडिंग (प्रशमन) किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगर निगम इंजीनियर व नगर निगम से लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट की समीक्षा बैठक लेकर 28 फरवरी तक 100 प्रतिशत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिये।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने उपस्थित कनसलटेंटो से अब तक कितने कम्पाउडिंग (प्रशमन) तैयार किये गये है की जानकारी लेकर 10 फरवरी तक 100 व 28 फरवरी तक 100 प्रतिषत कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिये साथ ही ऐसे कनसलटेंट जिन्होने अभी तक कम्पाउडिंग (प्रषमन) प्रकरण तैयार नहीं किये है उनके लायसेंस निरस्त करने के निर्देश दिये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने कनसलटेंटो को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का सर्वे कर कम्पाउडिंग (प्रशमन) प्रकरण तैयार करें व इंजीनियर से संबंधित को सूचना-पत्र जारी करवाये साथ ही संबंधित को यह भी अवगत करायें कि 30 प्रतिशत अनुमति के विपरित व बिना अनुमति के अवैध निर्माण का कम्पाउडिंग (प्रषमन) शासन निर्देशानुसार किया जा रहा है साथ ही 28 फरवरी तक लगने वाले शुल्क में 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसका लाभ उठाकर सुरक्षित रहें। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल सहित लायसेंस प्राप्त कन्सलटेंट उपस्थित थे।

सिंघम टाईम्स 4/2/22

# निगम स्वामित्व की रिक्त व अतिरिक्त भूमि का होगा सर्वे

रतलाम। नगर पालिक निगम रतलाम की पूर्व न्यास की योजनाओं में उपलब्ध रिक्त व अतिरिक्त भूमियों का सर्वे एवं विस्तृत मानचित्र बनाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा व सर्वे उपरांत अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान में विकास शाखा) द्वारा 51 आवासीय योजनाऐं बनाई गई थी। आवासीय योजनाओं में रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है इस हेतु नियुक्त कनसलटेंट को कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है। सर्वे उपरान्त रिक्त व अतिरिक्त भूखण्डों का विक्रय अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

अग्निबाण 4/2/22

भास्कर



## आज रतलाम स्थापना दिवस...

रतलाम. शहर के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रतलाम स्थापना उत्सव समिति द्वारा विभिन्न चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की गई। शहर के पैलेस रोड, शहीद चौक व दो बत्ती स्थित महाराजा सज्जनसिंह की प्रतिमा स्थल पर समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, संरक्षक मुन्नालाल शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन सहित सैकड़ों की उपस्थिति में आतिशबाजी हुई। नगर निगम स्थित महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा सहित में आकर्षक विद्युत सज्जा इस दौरान की गई है।

दै. भास्कर 5/2/22

भास्कर

## स्थापना दिवस आज : रोशनी से जगमगाया महाराजा रतनसिंह प्रतिमा स्थल

रतलाम| शहर का स्थापना दिवस हर साल बसंत पंचमी पर मनाया जाता है। इस बार यह 5 फरवरी को मनेगा। इसको लेकर नगर निगम तिराहा स्थित महाराज रतनसिंह की प्रतिमा पर आकर्षक रोशनी की है। शनिवार को प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

फोटो | चिंटू मेहता



दै. भास्कर 5/2/22

# निगम के फ्रंट लाईन कर्मचारियों ने लिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम**

नगर निगम के फ्रंट लाईन कर्मचारियों को आपदा व महामारी प्रबंधन (डिजास्टर मैनेजमेंट) का प्रशिक्षण एसडीआरएफ मध्यप्रदेश की टीम द्वारा पोलोग्राउण्ड स्थित डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन परिसर में दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर ज्योति बघेल व बद्रीलाल मंडलोई ने बताया कि आपदा ऐसी घटना है जो कभी भी घट सकती है। आपदा दो प्रकार की होती है पहली प्राकृतिक व दूसरी मानव जनित। उन्होंने कर्मचारियों को बाढ़, आगजनि, महामारी में किस प्रकार से आपदा प्रबंधन किया जाता है का प्रशिक्षण सुरक्षा उपकरणों के साथ विस्तृत रूप से देते हुए कहा कि आपदा के समय में सभी विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिये।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सीवर चेम्बर, बंद नाले, कुओं, बावड़ियों की सफाई के पहले उसमें माचिस की तिली जलाकर डालें यदि वह तुरंत बुझ जाती है तो यह समझ लें कि यहां पर ऑक्सीजन की कमी है व अन्य जहरीली गैसें है। इस कार्य को बिना सुरक्षा उपकरण के ना करें। उन्होंने घरेलू गैस सिलेण्डर में आग लगने, गैस रिसाव के निपटान के तरीकों से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, विनय चौहान सहित फ्रंट लाईन कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रसारण 5/2/22